# उज्जैन में 'हैंडलूम सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' का शुभारंभ
# महिलाओं को मिलेगा प्रशिक्षण और रोजगार : मुख्यमंत्री

**नईदुनिया प्रतिनिधि, उज्जैनः** राष्ट्रीय हाथकरघा दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन में 'हैंडलूम सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' का शुभारंभ करते हुए कहा कि हाथकरघा क्षेत्र को बढ़ावा देना, पारंपरिक कला का संरक्षण करना और स्थानीय महिलाओं व बुनकरों को रोजगार उपलब्ध कराना राज्य सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि यह केंद्र महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ प्रदेश के हस्तकरघा उद्योग को नई दिशा देगा।



मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा के अनुरूप प्रदेश में खादी और हाथकरघा उद्योग को सशक्त बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उज्जैन में शुरू हुए इस प्रशिक्षण केंद्र में महिलाओं को लगभग छह माह का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के बाद वे हाथकरघा संचालन, बुनाई और कपड़ा निर्माण की तकनीकों में दक्ष होकर घर से ही रोजगार प्राप्त कर सकेंगी। उन्होंने कहा कि महिलाएं चरखा चलाकर प्रतिमाह 15 से 20 हजार रुपये तक की आय अर्जित कर सकती हैं।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने मृगनयनी की नई डिजिटल पहल का भी उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग के अंतर्गत संचालित मृगनयनी अब 'एक जिला-एक उत्पाद (ओडीओपी)' आधारित देश का पहला सार्वजनिक क्षेत्र (पीएसयू) के स्वामित्व वाला डिजिटल प्लेटफॉर्म बन गया है। इससे प्रदेश के कारीगरों, बुनकरों और शिल्पकारों के उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाने में मदद मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने प्रशिक्षण केंद्र का निरीक्षण कर वहां मौजूद महिलाओं से संवाद किया और स्वयं चरखा चलाकर इस पहल का शुभारंभ किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रशिक्षण केंद्र में नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जाएं तथा भूतल पर तैयार उत्पादों की बिक्री के लिए शोरूम विकसित किया जाए, ताकि प्रशिक्षित महिलाओं को अपने उत्पादों के विपणन का भी अवसर मिल सके।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में कॉटन के साथ रेशम उत्पादन को भी बढ़ावा देने की योजना है। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और पारंपरिक बुनाई कला को नई पहचान मिलेगी। मुख्यमंत्री ने धार में विकसित किए जा रहे पीएम मित्रा पार्क का उल्लेख करते हुए कहा कि यह वस्त्र उद्योग के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

कार्यक्रम में सांसद अनिल फिरोजिया ने कहा कि यह केंद्र महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। अपर मुख्य सचिव कुटीर एवं ग्रामोद्योग के.सी. गुप्ता ने बताया कि भविष्य में प्रदेश के अन्य जिलों में भी ऐसे प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किए जाएंगे।

कार्यक्रम में महापौर मुकेश टटवाल, विधायक जितेंद्र पंड्या, हाथकरघा निगम के आयुक्त मदन कुमार, कलेक्टर रौशन कुमार सिंह, नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा तथा अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे। सरकार का उद्देश्य हाथकरघा उद्योग को आधुनिक तकनीक से जोड़ते हुए पारंपरिक कला का संरक्षण और स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराना है।

## खास-खबरें

### स्वास्थ्य राज्यमंत्री और भोजपुर विधायक ने सांदीपनि विद्यालय का किया निरीक्षण



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, रायसेनः** स्वास्थ्य राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल एवं भोजपुर विधायक सुरेन्द्र पटवा ने शुक्रवार को औबेदुल्लागंज स्थित शासकीय सांदीपनि विद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय की विभिन्न कक्षाओं, प्रयोगशाला और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। दोनों जनप्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों से संवाद कर अध्यापन कार्य और शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि जीवन में स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करें और उसे प्राप्त करने के लिए पूरी लगन एवं मेहनत के साथ अध्ययन करें। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा भी उपस्थित रहे।

### भाजपा जिला कार्यकारिणी में संतोष राय एडवोकेट को मिली जिम्मेदारी



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, बरेलीः** भारतीय जनता पार्टी ने संगठनात्मक विस्तार के तहत वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं अधिवक्ता संतोष राय एडवोकेट को जिला कार्यकारिणी का सदस्य मनोनीत किया है। उनके मनोनयन पर पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी हैं। संतोष राय लंबे समय से भाजपा संगठन में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। पार्टी ने संगठन के प्रति उनकी सक्रियता और समर्पण को देखते हुए उन्हें जिला कार्यकारिणी में स्थान दिया है। मनोनयन के बाद संतोष राय ने स्वास्थ्य राज्यमंत्री और क्षेत्रीय विधायक नरेंद्र शिवाजी पटेल सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और संगठन पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संगठन ने जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसका पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करेंगे तथा पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य करेंगे। संतोष राय के मनोनयन पर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए संगठन में उनकी नई भूमिका के लिए शुभकामनाएं दीं।

### महाकाल सेवा संकल्प पदयात्रा हुई शुरू



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, सीहोरः** शहर से लगातार चौथी बार क्षेत्र में अच्छी बारिश, गाय, गांव, गरीब की सेवा और जनकल्याण की मंगल कामना क्षेत्र की खुशहाली को लेकर महाकाल सेवा संकल्प पदयात्रा महाकाल उज्जैन के लिए शुक्रवार को शुरू हुई। यात्रा शहर के प्रसिद्ध गणेश मंदिर से शुरू होकर शुगर फैक्ट्री माता मंदिर, त्यागी बाबा आश्रम, पंचमुखी हनुमान मंदिर, कालका मंदिर पान चौराहा, छावनी स्थित सब्जी मंडी श्री सिद्ध हनुमान मंदिर, चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर, पिपलेश्वर महादेव मंदिर, मनकामेश्वर महादेव मंदिर, गंगेश्वर महादेव मंदिर नदी चौराहा, कुबेरेश्वर महादेव मंदिर पर विशेष पूजा अर्चना के बाद रवाना हुई। जो जताखेड़ा, अमलाहा और कोठरी आदि होते हुए उज्जैन के महाकाल मंदिर पहुंचेगी। शुक्रवार को शहर के प्राचीन गणेश मंदिर से आस्था और उत्साह के साथ रवाना हुई। इस मौके पर नगर पालिका के अध्यक्ष प्रिंस राठौर, पूर्व विधायक शैलेन्द्र पटेल, पंडित मोहितराम पाठक, सुरेश साबू, जितेन्द्र तिवारी, सुदीप व्यास, हेमंत दरबार, आयुष सोनी, पवन राठौर, राजू बोयत, अजय पाल, नरेन्द्र राजपूत, इरफान लाला, मुनव्वर मामू और अबरार आदि ने युवा समाजसेवी अशीष गहलोत और करणी सेना परिवार के जिलाध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर आदि का स्वागत किया।

### सावन के आठ दिन में महाकाल के दरबार में 29 लाख से अधिक श्रद्धालु, टूटे पुराने रिकॉर्ड

उज्जैन। सावन माह की शुरुआत के साथ ही विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में आस्था का अभूतपूर्व सैलाब उमड़ पड़ा है। 30 जुलाई से 6 अगस्त तक मात्र आठ दिनों में 29,28,349 श्रद्धालुओं ने बाबा महाकाल के दर्शन कर नया रिकॉर्ड बनाया। इस दौरान देश के विभिन्न राज्यों से हजारों कांवड़िए भी उज्जैन पहुंचे और भगवान महाकाल का जलाभिषेक किया। महाकाल मंदिर के सहायक प्रशासक आशीष पलवाडिया ने बताया कि सावन शुरू होने से पहले ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ मंदिर पहुंचने लगी थी।

सावन के शुरुआती आठ दिनों में प्रतिदिन लाखों श्रद्धालुओं ने दर्शन किए, जिनमें 3 अगस्त को सर्वाधिक 6,13,849 श्रद्धालु मंदिर पहुंचे। मंदिर समिति को श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या से राजस्व में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इस अवधि में 497.439 क्विंटल लड्डू प्रसाद का विक्रय हुआ, जिससे 2.35 करोड़ रुपये से अधिक की आय हुई। वहीं 1,40,228 शीघ्र दर्शन टिकटों की बिक्री से समिति को 3.50 करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ।

### पीओपी की मूर्तियों के निर्माण पर रहेगा पूर्ण प्रतिबंध

**गंजबासौदा।** आगामी गणेशोत्सव और अन्य पर्वों को देखते हुए प्रशासन ने प्लास्टर ऑफ पेरिस (पीओपी) की मूर्तियों के निर्माण पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया है। इस संबंध में सोमवार को स्थानीय पटवारी सभागार में मूर्तिकारों की बैठक आयोजित कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में एसडीएम अनुभा जैन, नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी अशोक वर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी धीरज मैना सहित नगर पालिका के अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने मूर्तिकारों से केवल मिट्टी और प्राकृतिक रंगों से बनी पर्यावरण अनुकूल मूर्तियां तैयार करने की अपील की। एसडीएम अनुभा जैन ने कहा कि पीओपी की मूर्तियां जल स्रोतों में आसानी से नहीं घुलतीं, जिससे नदियों और तालाबों का प्रदूषण बढ़ता है तथा जलीय जीवों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी को प्रशासन के निर्देशों का पालन करना चाहिए।

प्रशासन ने स्पष्ट किया कि यदि कोई मूर्तिकार पीओपी की मूर्तियां बनाते हुए पाया गया तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी और सामग्री भी जब्त की जाएगी।

## कांवड़ यात्रा पर कथित टिप्पणी के विरोध में संतों और जनप्रतिनिधियों का प्रदर्शन

**नईदुनिया प्रतिनिधि, उज्जैनः** कांवड़ यात्रा को लेकर ऑल इंडिया इमाम एसोसिएशन के अध्यक्ष मौलाना साजिद रशीदी के कथित बयान के विरोध में शुक्रवार को उज्जैन में संत समाज, शिवभक्तों और जनप्रतिनिधियों ने नाराजगी व्यक्त की। विभिन्न धार्मिक संगठनों ने बयान की निंदा करते हुए संबंधित मामले में कानूनी कार्रवाई की मांग की।

इसी दौरान भाजपा सांसद मनोज तिवारी सपरिवार बाबा महाकाल के दर्शन के लिए उज्जैन पहुंचे। दर्शन के बाद मीडिया से बातचीत में उन्होंने कांवड़ यात्रा और शिवभक्तों के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए कहा कि आस्था पर आपत्तिजनक टिप्पणियां उचित नहीं हैं। उन्होंने कांवड़ियों का विरोध करने वालों की आलोचना भी की।

उज्जैन के सांसद अनिल फिरोजिया ने भी बयान पर आपत्ति जताते हुए कहा कि इससे बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। उन्होंने मामले में कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की।

महाकाल मंदिर पहुंचे कुछ संतों और श्रद्धालुओं ने भी बयान की निंदा करते हुए कहा कि धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली टिप्पणियों से सामाजिक सौहार्द प्रभावित होता है। उन्होंने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की। मुंबई के विरार से कांवड़ यात्रा कर उज्जैन पहुंचे श्रद्धालु सोनू गुप्ता ने भी बयान पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि कांवड़ यात्रा आस्था का विषय है और इसका सम्मान किया जाना चाहिए।

मामले को लेकर विभिन्न पक्षों की ओर से अलग-अलग प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं।

### 5 किलो अवैध गांजे के साथ आरोपी गिरफ्तार

**शाजापुर।** अवैध गांजे के साथ पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार कालापीपल पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति मोटरसाइकिल से भेसाया गढ़ा जोड़ की ओर कुरावर रोड पर अवैध गांजा लेकर आने वाला है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने बताए गए स्थान पर घेराबंदी की। इस दौरान एक व्यक्ति पल्सर मोटरसाइकिल के साथ खड़ा दिखाई दिया, जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस ने पंचों की मौजूदगी में उसे घेराबंदी कर पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम जाहिद उर्फ कामिल खां पिता सरजीत खां, उम्र 40 वर्ष, निवासी ग्राम नांदनी, थाना कालापीपल बताया। आरोपी के कब्जे में मौजूद झोले की नियमानुसार तलाशी लेने पर उसमें अवैध मादक पदार्थ गांजा मिला।

## सीहोर में ऊर्जा व्यवस्था का जायजा लेने पहुंचे प्रमुख सचिव, उपभोक्ताओं से लिया फीडबैक

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** ऊर्जा विभाग के प्रमुख सचिव मनीष सिंह ने शुक्रवार को सीहोर जिले का दौरा कर विद्युत वितरण व्यवस्था की समीक्षा की और उपभोक्ताओं से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं एवं सुझाव सुने। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बिजली से जुड़ी सभी शिकायतों का समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से निराकरण सुनिश्चित किया जाए।



दौरे के दौरान प्रमुख सचिव ने मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा संचालित 'संपर्क अभियान-2026' के तहत आयोजित उपभोक्ता संपर्क शिविर का औचक निरीक्षण किया। शिविर में मौजूद उपभोक्ताओं से उन्होंने बिजली आपूर्ति, तकनीकी समस्याओं और सेवा की गुणवत्ता पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि जनता से सीधे संवाद के माध्यम से ही वास्तविक समस्याओं का समाधान संभव है।

इसके बाद उन्होंने मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के 132 केवी उपकेंद्र बिजौरी तथा मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के 33/11 केवी उपकेंद्र मंडी (सीहोर) का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने कंट्रोल पैनल, स्मार्ट मीटर, सुरक्षा व्यवस्था, तकनीकी उपकरणों और नियमित रखरखाव की स्थिति का जायजा लिया तथा निर्बाध विद्युत आपूर्ति बनाए रखने के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

मनीष सिंह ने कहा कि 'संपर्क अभियान-2026' जैसी पहल विभाग और उपभोक्ताओं के बीच विश्वास मजबूत करने का प्रभावी माध्यम है। इससे जमीनी स्तर की समस्याओं की पहचान कर उनका त्वरित समाधान संभव हो सकेगा तथा बिजली सेवाओं की गुणवत्ता में लगातार सुधार आएगा।

## मुख्यमंत्री जनविश्वास संवादः जमीन पर बैठकर विधायक और कलेक्टर ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

**नईदुनिया प्रतिनिधि, विदिशाः** मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत बासौदा जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत घटेरा के नवीन पंचायत भवन में संपन्न मुख्यमंत्री जनविश्वास संवाद कार्यक्रम में बासौदा विधायक हरिसिंह रघुवंशी एवं कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने आवेदकों के साथ जमीन पर बैठकर उनकी समस्याएं सुनी और उनका मौके पर ही यथा संभव निराकरण कराया।




संवाद के दौरान ग्रामीणों द्वारा क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न मूलभूत सुविधाओं, शासकीय योजनाओं के लाभ, सड़क, बिजली, पेयजल, आवास, पेंशन, राजस्व सहित अन्य स्थानीय समस्याओं के संबंध में आवेदन एवं समस्याएं प्रस्तुत की गईं। विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने कहा कि शासन की योजनाओं और सुविधाओं का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचाना प्राथमिकता है। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्रामीण क्षेत्रों की समस्या का वास्तविक एवं संतोषजनक समाधान सुनिश्चित किया जाए।

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने गंजबासौदा विकासखंड के विभिन्न ग्रामों का भ्रमण कर ग्रामीणों को प्रदाय की जा रही शासकीय सेवाओं एवं शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति का निरीक्षण किया। कलेक्टर सर्वप्रथम ग्राम लगधा पहुंचे, जहां उन्होंने हाईस्कूल एवं सहकारी समिति का निरीक्षण किया। इसके उपरांत उन्होंने ग्राम कस्बा बागरोद पहुंचकर वेयरहाउस तथा कृषि उपज मंडी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जिला सहकारी बैंक एवं तहसील कार्यालय भवन का भी अवलोकन किया।

कलेक्टर ने पंचायत भवन में स्थानीय उद्यमियों से संवाद कर उनकी गतिविधियों एवं आवश्यकताओं की जानकारी ली। साथ ही आदान विक्रेताओं द्वारा बीज, उर्वरक एवं कीटनाशकों की उपलब्धता तथा वितरण व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत कलेक्टर ग्राम घटेरा भी पहुंचे, यहां उन्होंने जनसंवाद के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना तथा संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।

घटेरा ग्राम में उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र, नल-जल योजना के अंतर्गत प्रदाय पेयजल सुविधाओं, सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) दुकान, कृषि साख सहकारी समिति, पशु चिकित्सालय एवं आरोग्यम् केंद्र का निरीक्षण कर सेवाओं की गुणवत्ता एवं व्यवस्थाओं का अवलोकन किया।

### निष्काम भक्ति से ही प्रसन्न होते हैं भगवान शिवः पं. भार्गव

**गंजबासौदा।** श्रावण मास के अवसर पर श्री राम-जानकी मंदिर स्थित खेड़ापति गौधाम में आयोजित 27 दिवसीय पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं भगवान शिव के 84 अवतार चरित्र वर्णन महोत्सव के आठवें दिन वैश्यनाथ अवतार की कथा का वाचन किया गया। कथा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। शिव कथा वाचक पं. धर्मेन्द्र भार्गव ने नंदा और भगवान शिव के वैश्यनाथ अवतार का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि भगवान शिव के लिए जाति, कुल या सामाजिक प्रतिष्ठा नहीं, बल्कि निष्काम भक्ति, सत्यनिष्ठा और समर्पण का भाव सबसे महत्वपूर्ण है।

उन्होंने बताया कि भगवान शिव ने वैश्यनाथ के रूप में नंदा की भक्ति की परीक्षा ली। नंदा ने सत्य और वचनपालन का पालन करते हुए स्वयं का समर्पण करने का संकल्प लिया, जिसके बाद भगवान शिव अपने दिव्य स्वरूप में प्रकट हुए और उसकी निष्कपट भक्ति से प्रसन्न होकर उसे मोक्ष का वरदान दिया। पं. भार्गव ने कहा कि जो भक्त श्रद्धा, विश्वास और निष्काम भाव से भगवान शिव का स्मरण करता है, उस पर भोलेनाथ की कृपा अवश्य होती है।

## आबकारी अमले का मक्सी और सिरोलिया के ढाबों पर छापा, बीयर व देशी शराब जब्त



**नईदुनिया प्रतिनिधि, शाजापुरः** जिले में अवैध रूप से पनप रहे शराब के कारोबार और ढाबों पर छलकते जाम के खिलाफ प्रशासन ने अब कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है। हाईवे किनारे और ग्रामीण क्षेत्रों में ढाबों को मयखाना बनाकर शराब परोसने व बेचने वालों के खिलाफ आबकारी विभाग ने एक बड़ा अभियान छेड़ा है।

इसी कड़ी में आबकारी अमले ने जिले के मक्सी, लालूपुरा और सिरोलिया क्षेत्रों में स्थित विभिन्न ढाबों और संदिग्ध ठिकानों पर अचानक दबिश दी। इस ताबड़तोड़ छापामार कार्रवाई से अवैध शराब के कारोबारियों और ढाबा संचालकों में हड़कंप मच गया। सघन अभियान के दौरान टीम ने इन ठिकानों से बड़ी मात्रा में अवैध शराब बरामद की है। आबकारी अमले ने अलग-अलग स्थानों पर बारीकी से तलाशी लेते हुए मौके से कुल 40 केन बीयर, 15 पाव देशी मदिरा प्लेन और 26 लीटर कच्ची हाथ भट्टी शराब जब्त की है। कलेक्टर ऋजु बाफना के सख्त निर्देशों और प्रभारी जिला आबकारी अधिकारी निमिषा परमार के मार्गदर्शन में इस पूरे ऑपरेशन को अंजाम दिया गया। अधिकारियों के अनुसार, लंबे समय से इन क्षेत्रों में अवैध शराब के संग्रहण और परिवहन की शिकायतें मिल रही थीं, जिसके बाद यह सघन जांच अभियान चलाया गया। अवैध रूप से शराब का निर्माण और बिक्री करने वालों पर कानूनी शिकंजा कसते हुए आबकारी विभाग ने मौके से पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ कड़ा एक्शन लिया है।

## प्रमुख सचिव ने वृद्धाश्रम, नशामुक्ति केंद्र और विशेष विद्यालयों का किया निरीक्षण

**नईदुनिया प्रतिनिधि, विदिशाः** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की प्रमुख सचिव सोनाली पोंक्षे वांयकगणकर एवं विभाग के आयुक्त कृष्ण गोपाल तिवारी ने शुक्रवार को विदिशा जिले का दौरा कर विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न संस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने वृद्धाश्रम, नशामुक्ति केंद्र, विशेष विद्यालय एवं जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए अधिकारियों और संस्थाओं के संचालकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने श्रीहरि वृद्धाश्रम, परिवर्तन नशामुक्ति केंद्र, दीक्षा निकेतन विशेष विद्यालय, जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र, सूरज निकेतन विशेष विद्यालय तथा दयाधाम वृद्धाश्रम का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने संस्थाओं में रह रहे वृद्धजनों, दिव्यांगजनों और विद्यार्थियों से संवाद कर उन्हें उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं और सेवाओं की जानकारी ली।

श्रीहरि वृद्धाश्रम में प्रमुख सचिव ने संस्था संचालक वेदप्रकाश शर्मा से संचालन व्यवस्था की जानकारी प्राप्त की तथा वृद्धजनों से उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं पर चर्चा की। निरीक्षण के दौरान चिन्हित कमियों को दूर करने के निर्देश देते हुए उन्होंने भोजन, आवास, स्वच्छता और अन्य मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाए रखने पर विशेष जोर दिया।

दीक्षा निकेतन विशेष विद्यालय में प्रमुख सचिव ने संस्था के अध्यक्ष संजीव जैन से दिव्यांग बच्चों की शिक्षा और प्रशिक्षण संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने कक्षाओं का निरीक्षण कर विद्यार्थियों से बातचीत की और उनके सर्वांगीण विकास के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही शिक्षण और प्रशिक्षण व्यवस्थाओं को और प्रभावी बनाने पर बल दिया।

इसके अलावा जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र, सूरज निकेतन विशेष विद्यालय, परिवर्तन नशामुक्ति केंद्र और दयाधाम वृद्धाश्रम की व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया गया।

## बदसलूकी करने वाले शिक्षक पर दर्ज होगी एफआईआर

**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः** श्यामपुर विकासखंड अंतर्गत शासकीय माध्यमिक शाला सोठी में पदस्थ एक शिक्षक की शर्मनाक करतूत सामने आई है। कक्षा 7वीं और 8वीं की छात्राओं से छेड़छाड़ और अमर्यादित व्यवहार करने के गंभीर आरोपों में घिरे प्राथमिक शिक्षक राकेश कुमार मालवीय को विभाग ने पहले तो निलंबित कर दिया और अब उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश जारी किए हैं।

जिला शिक्षा अधिकारी शीलू शर्मा ने इस मामले में कड़ा रुख अपनाते हुए पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय श्यामपुर के प्राचार्य को आदेश जारी किए हैं कि आरोपी शिक्षक राकेश कुमार मालवीय के खिलाफ श्यामपुर थाने में तत्काल एफआईआर दर्ज कराई जाए और इसकी रिपोर्ट जिला कार्यालय को सौंपी जाए।

### छात्राओं को गलत नीयत से स्पर्श करने का आरोप

मामले का खुलासा तब हुआ जब संकुल केंद्र प्राचार्य और सोठी ग्राम पंचायत के सरपंच ने 1 अगस्त को जिला शिक्षा अधिकारी को पत्र भेजकर शिक्षक की करतूतों से अवगत कराया। पत्र में बताया गया कि शिक्षक राकेश कुमार मालवीय स्कूल की मासूम बालिकाओं के साथ अनुचित व्यवहार, छेड़छाड़ और गलत नीयत से स्पर्श करते हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए शिक्षा विभाग ने आरोपी शिक्षक को कारण बताओ नोटिस जारी कर अपना पक्ष रखने का समय दिया था। हालांकि शिक्षक द्वारा दिया गया जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया। इसके बाद प्रथम दृष्टया आरोपों को बेहद गंभीर मानते हुए उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया।

**पहले भी कर चुका है छेड़छाड़**

शिक्षा विभाग के अधिकारियों के मुताबिक आरोपी शिक्षक का आचरण पहले से ही विवादित रहा है। छात्राओं के साथ अमर्यादित व्यवहार का यह कोई पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी इस शिक्षक पर एक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और एक अतिथि शिक्षक के साथ गलत तरीके से छेड़छाड़ करने की शिकायतें सामने आ चुकी हैं। शिक्षक की बार-बार दोहराई जा रही इन हरकतों को देखते हुए विभाग ने इस बार सीधे पुलिस कार्रवाई का रास्ता चुना है।

**सुरक्षा से समझौता बर्दाश्त नहीं**

जिला शिक्षा अधिकारी शीलू शर्मा की इस सख्त कार्रवाई को विद्यालयों में अनुशासन बनाए रखने और छात्राओं की सुरक्षा की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। विभाग ने साफ संकेत दिए हैं कि विद्यार्थियों की सुरक्षा और गरिमा के साथ खिलवाड़ करने वाले किसी भी अधिकारी या कर्मचारी को बख्शा नहीं जाएगा।